RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 24 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 62 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## हमारी विचारधारा अलग हो सकती है लेकिन..., विपक्षी बैठक के बाद बोले उद्धव ठाकरे

महाराष्ट्र : विपक्ष के 15 राजनीतिक दलों के नेताओं ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए साझा रणनीति तय करने के लिए शुक्रवार को मैराथन बैठक की। इस बैठक में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे भी शामिल हुए। इस बैठक के बाद उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी विचारधारा एक अलग हो सकती है लेकिन देश एक है।



इस देश को बचान के लिए और अखंडता को कायम रखने के लिए हम एक साथ आए हैं। इस बैठक में सभी पार्टियों ने फैसला लिया है कि अगला लोकसभा चुनाव वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे। विपक्षी दलों की अगली बैठक अगले महीने शिमला में होगी।

**देश की एकता, अखंडता बनाए रखने के लिए हम एक साथ**

बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फरन्स में शिवसेना यूबीटी प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा, हमारी विचारधारा एक अलग हो सकती है लेकिन देश एक है। देश की एकता, अखंडता बनाए रखने के लिए हम एक साथ आए हैं। इसके आगे हमारे प्रजातंत्र पर आघात करेगा उसका हम सब मिलकर विरोध करेंगे। जो भी देश में तानाशाही लाना चाहेगा उसके खिलाफ हम एक साथ रहेंगे। शुरूआत अच्छी रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगली बैठक जुलाई महीने में हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, ''यह विचारधारा की लड़ाई है, हम एक साथ खड़े हैं, हमारे बीच थोड़ा-बहुत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमें मिलकर काम करना है।

### यह नेता हुए थे शामिल

इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बैठक में भाग लिया। द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी और कुछ अन्य नेता इस बैठक में शामिल हुए।

## एमएसआरटीसी चालक ने बस में फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की



**पालघर** : महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के एक चालक (36) ने पालघर जिले के जवाहर शहर में एक खड़ी बस में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार सुबह जावहर बस डिपो में हुई।

बस डिपो के एक अधिकारी ने कहा, 'बस जब डिपो में खड़ी थी, तब उसके चालक ने बस के अंदर रस्सी की मदद से फांसी लगाने की कोशिश की। इस दौरान, एक सुरक्षाकर्मी और अन्य सहकर्मियों ने उसे देख लिया और उसकी जान बचाने के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने चालक को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर उसकी जान बचाई।' अधिकारी के मुताबिक, चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एमएसआरटीसी के स्थानीय कर्मचारी चालक को परेशान कर रहे थे और उसके कई बार शिकायत करने के बावजूद इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

## मंत्रालय में वर्षों से जमे अधिकारियों की होगी बदली!

### GAD ने सीएम के पास भेजी सूची...

**मुंबई** : पिछले कई वर्षों से मंत्रालय में एक ही पद पर बैठे अधिकारियों-कर्मचारियों की जल्द बदली किए जाने उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादलों को लेकर प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव, कक्ष पदाधिकारी और अन्य कर्मचारियों को दूसरे विभागों में जाना होगा। सूत्रों के मुताबिक 30 जून तक अधिकारियों के तबादले होने की



उम्मीद है। राजस्व विभाग ने हाल ही में तहसीलदारों के तबादले किये हैं। ये ट्रांसफर आदेश सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित किए बिना ही आधी रात को संबंधित अधिकारी के मोबाइल पर भेज दिए गए थे। इससे बड़ा हड़कंप मच गया। हालांकि चौकाने वाली बात यह है कि राजस्व विभाग के जिस संयुक्त सचिव ने यह आदेश जारी किया वे खुद पिछले 8 साल से उस पद पर जमे हुए हैं।

**नियमों की अनदेखी**

ट्रांसफर एक्ट के मुताबिक अधिकारी और कर्मचारी एक विभाग में छह साल और एक पद पर तीन साल तक काम कर सकते हैं। लेकिन कई अधिकारी व कर्मचारी नियमों की अनदेखी की वजह से वर्षों से एक ही कुर्सी पर बैठे हैं। पिछले साल अगस्त में संयुक्त सचिव, उप सचिव का तबादला कर दिया गया था।

## समीर वानखेडे को राहत, कोर्ट ने गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक की अवधि 28 जून तक बढ़ाई

**मुंबई** : मुंबई की एक अदालत ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व प्रमुख समीर वानखेड़े को जबरन वसूली और रिश्वतखोरी के मामले में दी गई गिरफ्तारी से अंतरिम राहत 28 जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने 8 जून को पूर्व मुंबई जोनल डायरेक्टर वानखेड़े की अंतरिम सुरक्षा 23 जून तक बढ़ाई थी। उल्लेखनीय है कि, मामले के अनुसार वानखेडे तथा चार अन्य आरोपियों ने अक्टूबर 2021 को क्रूज पोत में कथित तौर पर मादक पदार्थ बरामद होने के मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को नहीं फंसाने



के एवज में अभिनेता से 25 करोड़ रुपए रिश्वत के तौर पर मांगे थे।

पता हो कि वानखेडे ने मामले को रद्द करने के अनुरोध संबंधी याचिका पिछले महीने उच्च न्यायालय में दाखिल की थी और किसी भी कठोर कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण की भी मांग की थी। उच्च न्यायालय की एक अवकाश पीठ ने तब वानखेडे को आठ जून तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया और उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने पिछले सप्ताह एक हलफनामा दाखिल करके अंतरिम संरक्षण को वापस लेने का अनुरोध किया था।

### यह है मामला...

**आर्यन को तीन अक्टूबर 2021 को कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, आर्यन पर लगे आरोपों को सही साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पेश करने में मादक पदार्थ रोधी एजेंसी के नाकाम रहने पर बंबई उच्च न्यायालय ने उन्हें तीन हफ्ते बाद जमानत दे दी थी।**



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# विपक्षी एकता की राह...

भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल किस तरह क्षेत्रीय दलों की प्राथमिकताओं से टकरा रही है, इसका पता आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के इस कथन से चलता है कि पटना में होने जा रही बैठक में सबसे पहले उस अध्यादेश पर चर्चा हो, जो दिल्ली सरकार की सेवाओं को लेकर केंद्र सरकार लाई है। केजरीवाल चाह रहे हैं कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल इस अध्यादेश का विरोध करें, लेकिन कांग्रेसी नेता इसके लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि दिल्ली और पंजाब में उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी से है। कांग्रेस यह भी नहीं भूल सकती कि आम आदमी पार्टी ने उसे किस तरह गुजरात विधानसभा चुनाव में नुकसान पहुंचाया था और केजरीवाल अभी हाल में जब राजस्थान के दौरे पर गए थे तो उन्होंने किस प्रकार वहां के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोला था। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी यह कह चुकी हैं कि वह बंगाल में कांग्रेस का समर्थन नहीं करेंगी, क्योंकि यहां यह दल माकपा का दास है। आखिर शेष देश में वह कांग्रेस का समर्थन करके उसका क्या भला कर सकती हैं, क्योंकि बंगाल के बाहर तो उनका जनाधार ही नहीं।

तृणमूल कांग्रेस की तरह कुछ और क्षेत्रीय दल भी यह चाह रहे हैं कि विपक्षी एकता के नाम पर कांग्रेस कम से कम सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़े और हो सके तो उनके राज्यों से दूर ही रहे। स्पष्ट है कि कांग्रेस को यह स्वीकार नहीं हो सकता, क्योंकि वह पहले ही क्षेत्रीय दलों का साथ देकर अनेक राज्यों में अपनी राजनीतिक जमीन गंवा चुकी है। जब कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को लग रहा है कि वह अपने खोए हुए जनाधार को फिर से हासिल कर रही है, तब क्षेत्रीय दल उसे सीमित करने की कोशिश कर रहे हैं। समस्या इतनी ही नहीं है। समस्या यह भी है कि क्षेत्रीय दल केवल मोदी हटाओ एजेंडे के तहत एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। वे न तो कोई वैकल्पिक एजेंडा पेश कर पा रहे हैं और न ही महत्वपूर्ण विषयों पर अपना राष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रदर्शित कर पा रहे हैं। राष्ट्रीय हितों के स्थान पर वे क्षेत्रीय हितों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। उनके पास इस प्रश्न का भी उत्तर नहीं कि वे अपने राज्यों से बाहर कांग्रेस या फिर अन्य किसी दल की सहायता कैसे कर पाएंगे? विपक्षी एकता संभव तो है, लेकिन किसी ऐसे दल के नेतृत्व में, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभाव रखता हो। ऐसा दल केवल कांग्रेस ही है। पटना बैठक को लेकर नीतीश कुमार और उनके सहयोगी चाहे जो दावा करें, इस तथ्य से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि इसमें न तो सभी विपक्षी दल शामिल हो रहे हैं और न ही यह स्पष्ट है कि पीएम पद का चेहरा कौन होगा?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 24 जून को अंधेरी-कुर्ला और पुणे में धमाका होगा....

## मुंबई पुलिस को आई कॉल... आरोपी जौनपुर से अरेस्ट

**मुंबईः** '24 जून को मुंबई के अंधेरी और कुर्ला इलाके में बम धमाका होने वाला है. साथ ही पुणे में भी धमाका किया जाएगा.' एक शख्स ने मुंबई पुलिस को फोन करके यह धमकी दी. इस कॉल से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में मुंबई पुलिस ने अपने खबरियों को एक्टिवेट किया. इसके बाद पुलिस को पता लगा कि धमकी देने वाला शख्स उत्तर प्रदेश का है. मुंबई पुलिस ने यूपी पुलिस की मदद से आरोपी को जौनपुर से अरेस्ट कर लिया है. आरोपी शख्स का नाम दरवेश राजभर है. पुलिस अफसरों के मुताबिक,उसे कोर्ट में पेश कर उसकी रिमांड ली जाएगी.दरवेश राजभर ने धमकी क्यों दी? इसको लेकर पूछताछ की जा रही है. युवक के बारे में जानकारी मिलते ही मुम्बई पुलिस की एक टीम कल ही फ्लाइट से यूपी पहुंच गई थी.



**आरोपी ने पुलिस से दो लाख रुपये मांगे**

मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार, कॉलर ने सुबह 10 बजे पुलिस कंट्रोल को कॉल करके दावा किया कि 24 जून की शाम 6:30 बजे मुंबई के अंधेरी और कुर्ला इलाके में बम धमाका होने वाला है. इतना ही नहीं कॉलर ने कहा कि उसे दो लाख रुपये चाहिए. अगर ये रकम उसे मिलती है तो वह धमाके को रोक सकता है.

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस**

कॉलर ने दावा किया कि पुणे में भी बम धमाका होने वाले है. यह धमाका वह खुद करवा रहा है. इसके लिए उसे किसी से 2 करोड़ रुपये मिले हैं. अगर इसे 2 लाख और मिल जाएगा तो वह अपने लोगों के साथ मलेशिया निकल जाएगा. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कॉलर उत्तर प्रदेश के जौनपुर का रहने वाला है. पुलिस ने इस मामले में IPC की धारा 505(1)(इ), 505(2) और 185 के तहत मामला दर्ज किया है. मुंबई पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, युवक से पूछताछ के बाद ही पुलिस पूरे मामले का खुलासा करेगी. वहीं, इस पर यूपी पुलिस के अफसरों ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है.

# 30 बिल्डरों और 517 योजनाओं की बनी लिस्ट

## अब SRA के अधूरे प्रोजेक्ट पूरा करेगी म्हाडा और सिडको...





**मुंबईः** झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्राधिकरण (एसआरए) ने कई वर्षों से अटके प्रॉजेक्ट को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) और सिटी ऐंड इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) की मदद लेने का निर्णय लिया है। इस संबंध में एक प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा गया है। एसआरए की ओर से पिछली सरकार के कार्यकाल में रद्द किए गए 517 प्रॉजेक्ट्स को दोबारा शुरू करने के लिए म्हाडा और सिडको की मदद ली जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अधूरे प्रॉजेक्ट को पूरा करने में म्हाडा और सिडको के साथ ही प्राइवेट बिल्डरों की भी मदद लेने की योजना बनाई गई है। मुंबई में एसआरए के सैकड़ों प्रॉजेक्ट हैं, जो वर्षों से अटके पड़े हैं। वहीं, प्रॉजेक्ट के नाम पर कई बिल्डरों ने लोगों के घर खाली करवा लिए हैं। जमीन खाली करवाने के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी वहां पर अब तक प्रॉजेक्ट पर काम ही शुरू नहीं हो पाया है। हजारों लोगों को बेघर करने के बाद बहुत से बिल्डरों ने उन्हें किराया देना भी बंद कर दिया है। ऐसे में एसआरए अब इन अधूरे प्रॉजेक्ट्स को पूरा करना चाहता है। राज्य सरकार के पास 30 बिल्डरों की सूची भेजी गई है। इन बिल्डरों ने अधूरे प्रॉजेक्ट्स को पूरा करने में रुचि दिखाई है। सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। एसआरए बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भी इसमें शामिल करना चाहती है। कुछ वित्तीय संस्थानों ने रुचि दिखाई है। बता दें कि कई बिल्डरों ने प्रॉजेक्ट के नाम पर बड़े पैमाने पर कर्ज ले रखा है। लेकिन प्रॉजेक्ट पूरा नहीं होने से वित्तीय संस्थानों के पैसे फंस गए हैं।

# फूले पेट वाले शख्स को बुलाते थे 'प्रेग्नेंट'

## ऑपरेशन में नकिले 'जुड़वा बच्चे', 36 साल बाद खुला ये बड़ा रहस्य

**मुंबई :** क्या कभी ऐसा भी हो सकता है कि कोई आदमी प्रेग्नेंट हो गया हो. जी हां, इस दुनिया में सब कुछ संभव है. इस तरह की घटनाएं सुनने और जानने के बाद वाकई आपके दमिग की ट्यूबलाइट जल उठेगी. इस तरह की घटनाओं का जवाब वज्ञिान के पास भी नहीं होता है. दरअसल, महाराष्ट्र के नागपुर से एक बेहद ही चौंकाने और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शख्स 36 साल तक प्रेग्नेंट दखिता था. अब उसके पेट से कुछ ऐसा नकिला है जसिकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है. उसके फूले पेट को हर कोई अजीब नजरों से देखता था.

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, ये घटना नागपुर के रहने वाले संजू भगत के साथ घटी. भगत का बचपन बहुत आरामदायक था. लेकिन उनका पेट सामान्य बच्चों की तुलना में थोड़ा अधिक फूला हुआ था. उन्होंने कभी इस सूजन




पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया था. लेकिन धीरे-धीरे जब सूजन बढ़ गई तो परिवार वालों को इसकी चिंता होने लगी. संजू का पेट फूलते-फूलते इतना फूल गया कि लोग उसको प्रेग्नेंट आदमी कहकर पुकारने लगे. पहले तो भगत को भी अपना फूला हुआ पेट अजीब लगता था. लेकिन साल 1999 तक यह इतना बढ़ गया कि उनको सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी. आखिरकार उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों को पहले लगा कि उन्हें ट्यूमर की समस्या है. अंततः जब डॉक्टर अजय मेहता ने ऑपरेशन करने के लिए पेट खोला तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गये.




# सस्ते मिल रहे थे बॉडी बैग-दवाइयां

## फिर भी तीन गुना ज्यादा दाम में खरीदा', ईडी की जांच में खुलासा...

**मुंबई:** मुंबई के बीएमसी कोविड सेंटर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी की ओर से की गई रेड में चौंकानेवाले खुलासे हुए हैं. ईडी के अफसरों को पता चला है कि शवों को सील करने के लिए जो बैग खरीदे गए थे, उनकी खरीद में बीएमसी ने बड़ा स्कैम किया था. आरोप है कि जो कंपनी शवों को सील करने के लिए ये बैग मार्केट में दो हजार रुपए की दर से बेच रही थी, उसी बैग को बीएमसी ने तीन गुना से अधिक, 6800 रुपये की दर से खरीदा. आरोप के मुताबिक, इस कंपनी को ये कॉन्ट्रैक्ट तत्कालीन मेयर की सिफारिश पर दिया गया. कोविड के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं बीएमसी को मिलने वाली दरों से 25-30 फीसदी कम दाम पर बाजार में उपलब्ध थीं. यह बात उनके संज्ञान में आने के बाद भी बीएमसी



अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की. लाइफलाइन अस्पताल ने बीएमसी को दिए बिल में दिखाए गए डॉक्टरों की तुलना में 60-65 प्रतिशत कम डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ही उपलब्ध कराए थे.

कंपनी की ओर से बिल में भी हेराफेरी की गई. बिल में उन डॉक्टरों के नाम लिखे गए, जो अपनी सेवाएं नहीं दे रहे थे.सूत्रों के मुताबिक, अलग-अलग ठिकानों पर हुई अबतक की छापेमारी में तकरीबन 70 करोड़ नकद, महाराष्ट्र में 150 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की तकरीबन 50 अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज, तकरीबन 15 करोड़ की एफडी/निवेश दस्तावेज, तकरीबन 2.5 करोड़ की ज्वेलरी इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं.


**ईडी के निशाने पर सूरज**

सूरज चव्हाण के मोबाइल फोन में उनके और लाइफलाइन अस्पताल के पार्टनर्स के बीच के चैट मिले हैं. इसको लेकर ईडी को संदेह है कि सूरज चव्हाण लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट फर्म को बीएमसी से ठेका दिलाने के लिए प्रभावित कर रहे थे.

**लाइफलाइन हॉस्पिटल का मैनेजमेंट सवालों के घेरे में**

लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज को पुणे के शिवाजीनगर में जंबो कोविड सेंटर में मेडिकल सर्विस और स्टाफ प्रदान करने का काम सौंपा गया था. लेकिन इसी सेंटर में एक पत्रकार की मौत के बाद पुणे नगर पालिका ने एक कमेटी नियुक्त की और जांच में पता चला कि इस कंपनी के पास मेडिकल सेवाएं देने का कोई पुराना अनुभव नहीं है. इसलिए कमेटी ने कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया. इसके बावजूद मुंबई में बीएमसी ने इस कंपनी को जंबो कोविड सेंटर का कॉन्ट्रैक्ट दिया.

# मुंबई-दिल्ली फ्लाइट में बैठे शख्स ने की प्लेन हाइजैक की बात, सबके उड़े होश, हुआ गिरफ्तार



**मुंबई:** मुंबई-दिल्ली की विस्तारा फ्लाइट में बैठे यात्री ने फ्लाइट हाईजैक करने की बात कर सबके होश उड़ा दिए. पुलिस सूत्रों ने बताया कि विस्तारा फ्लाइट नंबर वङ 996 की केबिन क्रू जब यात्रियों से सीट बेल्ट लगाने को कह रही थी और लोगों की मदद कर रही थी उसी दौरान फ्लाइट की सीट नंबर 27 ए पर बैठा शख्स फोन पर जोर जोर से बात कर रहा था. एक अधिकारी ने बताया कि वो कह रहा था, 'अहमदाबाद में फ्लाइट बोर्ड करने वाली है, कोई भी दिक्कत हो तो मुझे कॉल करना. हाइजैक की पूरा प्लानिंग है, उसका सारा ऐक्सेस है चिंता मत करना.' उस शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया. वह हरियाणा का रहने वाला है और उसकी उम्र लगभग 23 साल है. सूत्रों ने यह भी दावा किया की वो मानसिक रूप से बीमार है इसी वजह से उसने इस तरह की बातचीत फ्लाइट में की थी. इस मामले में पुलिस ने क्धउ की धारा 336 और 505(2) के तहत मामला दर्ज किया है और आगे जांच कर रही है.

# कार व ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में शुक्रवार को ट्रक और कार के बीच टक्कर होने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पडोली थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक राजकिरण मडावी ने बताया कि दुर्घटना दोपहर बाद उस समय हुई जब पीड़ित परिवार कार से यवतमाल जिले की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित यूसुफ शेख, उनकी पत्नी मुमताज, भाई रफीक और भाभी संजीदा यवतमाल जिले के मारेगांव तहसील के निवासी थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# ओबीसी समुदाय से हो राकांपा की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष : छगन भुजबल



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय से होना चाहिए और साथ ही इस पद के लिए उन्होंने अपनी दावेदारी भी पेश की। दरअसल, राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने एक दिन पहले यह कहा था कि वह महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद छोड़ना चाहते हैं और वह पार्टी संगठन में काम करने के इच्छुक हैं। अजित पवार ने बुधवार को राकांपा नेतृत्व से उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त करने और पार्टी संगठन में कोई भूमिका सौंपने की अपील की। उन्होंने मुंबई में आयोजित राकांपा के 24वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में यह मांग की, जिसमें उनके चाचा शरद पवार और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। भुजबल ने इस बात पर जोर दिया कि अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के किसी व्यक्ति को राकांपा की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, '' मैं प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर भी काम करना चाहूंगा। पार्टी में सुनील तटकरे, जीतेंद्र अव्हाड़, धनंजय मुंडे जैसे कई ओबीसी नेता हैं। पार्टी की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है और हर कोई राज्य इकाई का प्रमुख बनने की इच्छा व्यक्त कर सकता है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। महाराष्ट्र की आबादी में ओबीसी समुदाय की हिस्सेदारी 54 फीसदी है और अगर राज्य प्रमुख ओबीसी हो तो पार्टी उन्हें करीब ला सकती है। ''

# महाराष्ट्र में किस जाति का किसे मिलेगा वोट?

## सर्वे में पिछड़ती दिख रही है ये दिग्गज पार्टी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में अभी चुनावी बिगुल नहीं बजा है लेकिन तमाम पार्टी के नेताओं ने बैठकें और वोटरों को साधने का काम शुरू कर दिया है. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एक ओपिनियन पोल कराया गया है. ये ओपिनियन पोल जी न्यूज और मेटाराइज ने किया है. इस ओपिनियन पोल में ये बताया गया है कि किस जाति का वोट किस पार्टी को मिल सकता है. अब आइयेगा जान लेते हैं कि महाराष्ट्र में किस जाति का वोट किसे मिल रहा है.

**मराठा वोटर्स का किसे मिल सकता है वोट?**

मराठा वोटर्स की अगर बात करें तो बीजेपी गठबंधन को 52 फीसदी, कांग्रेस गठबंधन को 42 फीसदी और अन्य को मराठा जातियों के छह फीसदी वोट मिलने की संभावना है. सर्वे के अनुसार मराठा जाति का एक बड़ा हिस्सा एकनाथ शिंदे और बीजेपी के साथ जाता हुआ नजर आ रहा है.



**OBC का वोट किसे मिल सकता है?**

अब अगर ओबीसी वोटर्स को बात करें तो यहां भी बीजेपी गठबंधन सबसे आगे निकलती हुई नजर आ रही है. बीजेपी गठबंधन (एकनाथ शिंदे-बीजेपी) को ओबीसी का 48 फीसदी, महा विकास अघाड़ी को 40 फीसदी और अन्य को 12 फीसदी वोट मिलने की संभावना है. ओबीसी के वोट शेयर मामले में शिवसेना बीजेपी से बहुत ज्यादा पीछे नहीं है. वहीं अन्य को 12 फीसदी वोट मिल सकते हैं.

**सवर्ण हिंदू वोट किसके खाते में?**

महाराष्ट्र में सवर्ण हिंदू वोट सबसे ज्यादा बीजेपी और एकनाथ शिंदे गुट के खाते में जाने की संभावना है. बीजेपी और एकनाथ शिंदे गुट को सवर्ण हिंदू वोट का 54 फीसदी, कांग्रेस को 32 फीसदी और अन्य को 14 फीसदी वोट मिलने की संभावना है.

**दलित वोट किसके साथ?**

महाराष्ट्र में कांग्रेस गठबंधन को दलित वोट का सबसे ज्यादा साथ मिल रहा है. बीजेपी और एकनाथ शिंदे गुट को दलित वोटर्स का 42 फीसदी, कांग्रेस को 46 फीसदी और अन्य को 12 फीसदी साथ मिल रहा है. दलित वोट में कांग्रेस ने बढ़त बनाई हुई है.



# पनवेल मनपा ने तीन महीने में 126 करोड़ वसूला टैक्स

नवी मुंबई : पिछले तीन महीने में पनवेल महानगर पालिका ने 126 करोड़ रुपए का संपत्ति कर के रूप में वसूल किया है। मनपा ने इस वर्ष 275 करोड़ रुपए संपत्ति कर वसूल करने का लक्ष्य निर्धारित किया था जिसमें से सिर्फ तीन महीने में 126 करोड़ की वसूली की जा चुकी है। मनपा का कहना है पिछले पांच साल से संपत्ति कर की वसूली विभिन्न कारणों की वजह से नहीं की जा सकी थी जिसकी वजह से यह राशि 1400 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है।

**स्थानीय लोगों ने अदालत में एक याचिका दायर की थी**

उल्लेखनीय है कि संपत्ति कर की अदायगी को लेकर स्थानीय लोगों ने अदालत में एक याचिका दायर की थी उसके बाद बड़ी संख्या में संपत्ति कर जमा नहीं



किया था। हालांकि इन याचिकाओं को सुनवाई के दौरान मुंबई उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया साथ संपत्ति कर की अदायगी का आदेश भी दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मनपा आयुक्त ने आम नागरिकों से संपत्ति कर भरने की अपील की थी आयुक्त की इस अपील का लोगों ने अच्छा प्रतिसाद देते हुए संपत्ति कर भरने की शुरूआत की। बताया गया की व्यवसाय करने वाली कर अदायगी की शुरूआत की है। एचपी सीएल कंपनी ने बकाया 1 करोड़ 25 लाख की रकम अदा की है।

**चार विशेष टीमों का गठन**

मनपा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए चार विशेष टीमों का गठन किया है यह टीम संपत्ति कर वसूलने का काम कर रही हैं। मनपा ने इस टीम में दो सेवा निवृत अधिकारी तथा सुरक्षा गार्ड तथा फोटोग्राफर को शामिल किया है। मनपा ने ऑन लाइन टैक्स भरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई हुई है। मनपा ने संपत्ति कर वसूलने के लिए कई तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ सख्ती भी दिखा रही है। मनपा की आय का प्रमुख स्त्रोत सम्पत्ति कर है। संपत्ति कर की वसूली पर कोर्ट ने स्टे नहीं दिया इसलिए इस तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए, पनवेल के विकास के लिए समय पर संपत्ति कर अदा करना चाहिए।

# जालना में कार में आग लगने से एक महिला की मौत, पति झुलसा...



**जालना** : महाराष्ट्र के जालना जिले में शुक्रवार को एक दुर्घटना के बाद कार में आग लगने से 32 वर्षीय महिला की मौत हो गयी तथा उसका पति झुलस गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना आज सुबह जिले के मंठा तहसील के कार्ला में हुई। मंठा पुलिस थाने के निरीक्षक संजय देशमुख ने बताया कि अमोल और सविता सालुंखे लोनार-मंठा रोड पर जा रहे थे तभी एक पिकअप वैन ने पीछे से उनकी कार को टक्कर मारी। उन्होंने बताया कि अमोल ने तुरंत कार रोक दी और कार से बाहर निकला तभी अचानक कार में आग लग गयी। उसने कार का दरवाजा खोलने तथा अपनी पत्नी को बचाने की लगातार कोशिश जो कार में अंदर फंस गयी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दमकल की एक गाड़ी आग बुझाने के लिए आयी लेकिन कार पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। उन्होंने बताया कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि बचाव की कोशिश में उसका पति गंभीर रूप से झुलस गया है और उसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पिकअप वैन के चालक के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

# नागपुर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की बैटरी में विस्फोट होने से नौ वर्षीय बच्चा घायल



**नागपुर** : महाराष्ट्र के नागपुर जिले में अपने घर पर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से खेलते समय उसकी बैटरी में विस्फोट हो जाने से नौ वर्षीय एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, बृहस्पतिवार को सावनेर स्थित रेलवे क्वार्टर में हुई घटना में चौथी कक्षा के छात्र चिराग पाटिल के कान और सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। उन्होंने बताया कि चिराग बैटरी चालित उपकरण से बनाए गए एक पंखे से खेल रहा था, तभी उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चिराग को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# हत्या या सुसाइड? पति से बहस के कुछ घंटे बाद कुएं में मिला पत्नी व 3 बच्चे का शव



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले से दिलदहला वाला मामला सामने आया है। जहां एक कुएं से महिला और उसके तीन बच्चे के शव मिले है। पुलिस के मुताबिक, शवों के मिलने के बाद इस मामले में मृतक महिला के पति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा कि गुरुवार को मिट्टी के बर्तन बनाने वाले फार्म के एक कुएं में सभी शव मिले। घटना की जानकारी पुलिस को फार्म के मालिक ने दी थी। मृतका भी उसी पॉटरी फार्म में काम करती थी। मृतक महिला की पहचान कंचन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला का उसके पति धम्मपाल के साथ बुधवार रात को तीखी बहस हुई थी।

# मॉनसून आला रे... महाराष्ट्र के इन हिस्सों में हुई बारिश, मुंबई समेत ठाणे, नवी मुंबई में भी हुई बारिश



**मुंबई:** केरल में देर से आए मॉनसून ने हर जगह देरी की है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि मॉनसून ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 15 दिनों से मॉनसून का इंतजार कर रहे किसानों और आम जनता के लिए यह खबर राहत भरी है। क्योंकि, अब मॉनसून सक्रिय हो गया है। महाराष्ट्र में हर साल 7 जून को मॉनसून प्रवेश करता है। हालांकि इस साल 11 जून से इसमें देरी हो गई है। चक्रवात बिपरजॉय ने मॉनसून की रफ्तार को रोक दिया था। लेकिन, अब मॉनसून फिर से सक्रयि हो गया है और मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अगले 2 दिनों में मॉनसून राज्य में प्रवेश कर जाएगा। मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि अगले 4 हफ्तों में देशभर में बारिश होगी।

**अगले 3-4 दिनों में तेज होगा मॉनसून**

भारतीय मौसम विभाग पुणे के प्रमुख के. एस. होसलीकर के अनुसार, विदर्भ के कुछ हिस्सों में आज मॉनसून का आगमन हो गया। अगले 3-4 दिनों में महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना के अन्य हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की बारिश जारी रहने के लिए अनुकूल है। इसलिए मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 3-4 दिनों में मॉनसून तेज हो जाएगा।

**कैसी है मॉनसून की चाल**

इस बीच केरल से मॉनसून आगे बढ़ना शुरू हो गया था। मॉनसून अब कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अधिकांश हिस्सों तक पहुंच गया है। इतना ही नहीं, मॉनसून महाराष्ट्र के विदर्भ और ओडिशा, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों तक भी पहुंचेगा। विदर्भ के कई जिलों में आज भारी बारिश हुई। अमरावती जिले में भारी बारिश हुई। बलिराजा इस साल मॉनसून की देरी को लेकर भी चिंतित थे। बहरहाल, विदर्भ में मॉनसून की पहली बारिश से किसानों खुशी से झूम उठे हैं। खबर है कि पश्चिम विदर्भ के कई जिलों में भी बारिश हो रही है। मुंबई समेत उपनगरों, ठाणे, नवी मुंबई जैसे अहम शहरों में भारी बारिश हुई। कल्याण-डोंबिवली में भी भारी बारिश हुई। अंबरनाथ में भी बारिश शुरू हो गई।

# शराब पीकर सड़क किनारे सो गए और बाइक हो गयी चोरी



**नवी मुंबई** : दो मित्रों ने इतनी अधिक शराब पी कि वे जब सही तरीके से बाइक नहीं चला पाने की वजह से सड़क के किनारे सोने का फैसला किया इन शराबियों ने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और आराम से नशे में सो गए लेकिन जब उनकी नींद खुली तो उनकी बाइक अपनी जगह से गायब दिखी, इस पर इन दोनों ने आसपास बाइक तलाश की जब बाइक उन्हें नहीं मिली तो मजबूर होकर सीबीडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और मामले की जानकारी पुलिस को दी।

**फुटपाथ पर नींद आ गयी**

इस बारे में पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट व्यवसायी परमेश्वर तथा उसके मित्र रोहिदास ने सीबीडी एक होटल में बैठकर जमकर शराब पी उन्हें इस बाद का एहसास हुआ कि वे लोग शराब के नशे में सही तरीके से बाइक नहीं चला सकते हैं इसलिए जब उनका नशा कुछ देर बाद उतर जाएगा तब वे आगे जायेंगे। इन दोनों ने अपनी बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर दी और नशा काम होने का इन्तजार करने लगे लेकिन इन लोगों को वहीं फुटपाथ पर नींद आ गयी इस बात का फायदा उठाकर किसी व्यक्ति ने उनकी बाइक चोरी कर ली। नशा उतरने के बाद जब इन लोगों की नींद खुली और बाइक अपनी जगह से गायब दिखी तो इन लोगों ने इस बात की शिकायत सीबीडी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# खराब जोनल प्लानिंग के कारण करीब 188 रेल परियोजनाओं के लटकने की नौबत



**मुंबई :** केंद्र की मोदी सरकार के राज में निरंतर किसी न किसी सच्चाई का पदार्फाश हो रहा है। इसी बीच रेल मंत्रालय ने सभी जोनल रेलवे को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की खराब गुणवत्ता की सच्चाई बयां की है। रेलवे के मुताबिक, खराब जोनल प्लानिंग के कारण करीब १८८ रेल परियोजनाओं के लटकने की नौबत आ गई है। रेलवे बोर्ड के नवगठित गति शक्ति निदेशालय द्वारा सभी जोनल रेलवे को १६ जून को जारी पत्र में इस मुद्दे को उजागर किया गया, इसमें कहा गया है कि लगभग १५६ परियोजनाओं के नए प्रस्ताव बनाकर देने थे लेकिन अंतिम तिथि तक इन्हें पेश नहीं कर पाए। दूसरी तरफ ४० हजार करोड़ से अधिक के शुरूआती अनुमान वाली ३२ परियोजनाओं को कई दौर की समीक्षा के बाद संशोधित किया जाना बाकी है।

अधिकारियों ने कहा कि इस महीने की शुरूआत में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रालय के चिंतन शिविर में भी इस मामले पर चर्चा की गई थी। बताया गया है कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इसमें सुधार की आवश्यकता है। यहां तक कि डीपीआर के आधार पर बननेवाले आवश्यक उम्मीद, ट्रैफिक सर्वे और वित्तीय व आर्थिक मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को भी ठीक से शामिल नहीं किया गया है। जोनल रेलवे द्वारा जिस तरह से परियोजनाओं को तैयार करने के लिए योजना बनाई जा रही थी, उसे देखते हुए मंत्रालय ने सितंबर २०२२ में डीपीआर तैयार करने के लिए एक मानक प्रो-फॉर्मा जारी किया। हालिया संचार से पता चलता है कि कुछ मुद्दे अनसुलझे हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि समयानुसार परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए डीपीआर स्तर पर योजना बनाना बहुत जरूरी है। साथ में यह भी सुझाव दिया गया है कि डीपीआरएस को रेलवे बोर्ड को सौंपने से पहले जोनल रेलवे स्तर पर गंभीर रूप से समीक्षा की जानी चाहिए। इस मुद्दे को जोनल रेलवे ने उठाया है। इनमें से २२ परियोजनाओं की समीक्षा कल की गई। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा सभी योजना संबंधी कमियों की निगरानी की जा रही है। हालांकि, पिछले कुछ समय से खराब बुनियादी ढांचे के चलते परियोजनाएं सवालों के घेरे में हैं।

# मृत दर्शना की मां चाहती है जिस नृशंसता से राहुल ने दर्शना का कत्ल किया था

## उसी तरह उसके भी टुकड़े किए जाने चाहिए

**मुंबई :** महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस कमीशन (एमपीएससी) की परीक्षा में तीसरी रैंक लाकर उत्तीर्ण होनेवाली दर्शना पवार की नृशंस हत्या मामले में संदिग्ध हत्यारे राहुल हंडोरे को पुणे ग्रामीण पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। दर्शना के साथ पढ़नेवाला राहुल उससे विवाह करना चाहता था, लेकिन दर्शना ने इनकार कर दिया था। अब मृत दर्शना की मां चाहती है कि जिस नृशंसता से राहुल ने दर्शना का कत्ल किया था, उसी तरह उसके भी टुकड़े किए जाने चाहिए।

बता दें कि वन अधिकारी के तौर पर नियुक्त होने की तैयारी में जुटी दर्शना अपनी सक्सेस के लिए सम्मानित किए जानेवाले कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपने सहपाठी मित्र



राहुल हंडोरे के साथ ट्रैकिंग के लिए गई थी। लेकिन दोनों वापस नहीं लौटे। १५ जून को दर्शना के अभिभावकों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में १८ जून को पुणे ग्रामीण पुलिस ने क्षत-विक्षत अवस्था में राजगढ़ किले के पास से दर्शना का शव बरामद किया। शव पर जख्मों के निशान थे, जबकि घटना के बाद से ही राहुल लापता था। मोबाइल लोकेशन को ट्रेस कर रही पुणे ग्रामीण पुलिस ने बुधवार की रात मुंबई के अंधेरी स्टेशन से राहुल को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि उसे ट्रेन से पुणे आने के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया। आईपीएस अधिकारी अंकित गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि राहुल हंडोरे ने इस वारदात को तब अंजाम दिया, जब दोनों १२ जून को ट्रैकिंग करके वापस लौट रहे थे। ट्रैकिंग के लिए सुबह सवा आठ बजे निकले थे और रात में दस-ग्यारह बजे लौटते वक्त दर्शना की हत्या की गई। पुलिस को ट्रैकिंग के लिए जाते वक्त का उनका सीसीटीवी फुटेज मिला था और स्थानीय लोगों ने भी इसकी गवाही दी थी।

# घर से मुंबई जाने के लिए निकले

## युवक की लाश नदी में मिली



**मुंबई :** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के करमैनी घाट पुल के नीचे राप्ती नदी में एक युवक की लाश उतराती मिली। वह घर से मुंबई जाने के लिए निकला था। शुक्रवार को चचेरा भाई उसे बस स्टैंड पर छोड़कर गया था। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, संतकबीरनगर के मेंहदावल थाना के तुनिहवा गांव निवासी राहुल कुमार मिश्रा (25) के परिवार के सदस्य मुंबई में रहते हैं। मछुआरों ने शुक्रवार सुबह नदी में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर लाई। कुछ दूरी पर ही एक बैग लावारिस हाल में मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान हो गई और परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि राहुल की मानसिक स्थिति थोड़ी ठीक नहीं थी। उसका मुंबई में ही इलाज चल रहा था। राहुल को चचेरा भाई मेंहदावल बस स्टैंड पर छोड़ दिया था। वहां से गोरखपुर रेलवे स्टेशन जाना था। घरवाले उसका मुंबई पहुंचने का इंतजार कर रहे थे और इसी बीच उसका शव नदी में उतराता मिला। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आशंका है कि उसने खुदकुशी की है। शरीर पर गंभीर चोट के निशान नहीं दिख रहे थे।

## बुनियादी ढांचे पर ध्यान, 'भ्रष्टाचार' की जांच

# ठाकरे परिवार को कमजोर करने के लिए मुंबई पर शिंदे की नजर




**मुंबईः** असली सेना होने का दावा करते हुए 39 शिवसेना विधायकों के साथ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी से बाहर निकलने के एक साल बाद, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अब मुंबई में अपनी लोकप्रियता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है, जो ठाकरे का गढ़ माना जाता है। शिंदे पूरे एक साल तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहने और उनकी पार्टी को इस साल फरवरी में चुनाव आयोग द्वारा 'शिवसेना' नाम और तीर-धनुष चुनाव चिह्न मिलने के बावजूद, शिंदे के नेतृत्व वाली सेना संगठनात्मक संरचना बना पाने में धीमी रही है. शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी के नेताओं का कहना है कि मुंबई शहर में इसकी लगभग सौ शाखाएं हैं, जबकि शिव सेना (यूबीटी) की 227 शाखाएं हैं- प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में एक. देश के सबसे अमीर नागरिक निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के चुनाव इस साल के अंत में होने की संभावना है, ऐसे में सीएम शिंदे ने मैदान में ताल ठोक दी है. खुद को एक ऐसे मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के अलावा, जो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से पूरा करता है और बीएमसी के धन को उचित सार्वजनिक उपयोग में लाता है, शिंदे मुंबई में अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए भ्रष्टाचार के आरोपों और आधिकारिक पूछताछ के साथ शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साध रहे हैं. राजनीतिक टिप्पणीकार संजय जोग के अनुसार, बाल ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले सेना के दोनों गुटों के लिए बीएमसी मुख्य केंद्र बिंदु है.

'शिंदे के पास शहरी विकास विभाग, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) हैं. अगर वह भाजपा (शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में एक सहयोगी) का मुकाबला करना चाहते हैं, तो उन्हें बीएमसी में अपनी (गुट की) उपस्थिति बढ़ाने की जरूरत है.'

# मुंबई में बेस्ट की बस से टक्कर के बाद बुजुर्ग महिला की मौत!



**मुंबई :** मुंबई के गिरगांव इलाके में सार्वजनिक यातायात सेवा 'बेस्ट' की बस से टक्कर लगने के कुछ घंटे बाद एक बुजुर्ग महिला (84) की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन उपक्रम (बेस्ट) की बस रूट संख्या 66 पर सायन से दक्षिण मुंबई के बीच चल रही थी। अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग महिला बुधवार शाम करीब पांच बजकर 30 मिनट पर सड़क पार करते हुए बस के आगे के बाएं हिस्से से टकरा गईं। उन्होंने कहा कि लॉ फ्लोर मॉडल की बस होने के कारण महिला बस के नीचे फंस गई। बस को एक टैक्सी के जैक की मदद से उठाकर महिला को नीचे से निकाला गया।

सतना कलेक्टर ने रचा इतिहास

# 12 घंटे में जिले में 1552 भूमि प्लाटों का सीमांकन

## एशिया बुक आफ दी रिकार्डस एवं इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज

**सतना।** जिले में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2.0 के दौरान कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा 20 मई 2023 को एक दिवस में राजस्व अधिकारियों के सहयोग से मैदान में जाकर 1552 भूमि प्लाटों के सीमांकन के नवाचार को एशिया बुक आफ दि रिकार्डस एवं इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है। संस्था की ओर से उनके प्रतिनिधियों ने 21 जून 2023 को सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अनुराग वर्मा को इन उपलब्धियों का प्रमाण पत्र एवं मेडल सौंपे। इस मौके पर राजस्व विभाग की इस महत्वपूर्ण दो उपलब्धियों पर कलेक्टर का संस्था और राजस्व विभाग की ओर से अभिनंदन किया गया। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की ओर से सीमांकन के महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार, चौकीदार तक के अमले को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

### संयुक्त प्रयास का परिणाम - कलेक्टर

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि जिले में एक दिन में 12 घंटे के भीतर 1552 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण एक संयुक्त टीम के प्रयास का परिणाम



है। जिसमें कलेक्टर से लेकर कोटवार तक सभी राजस्व अमला मैदान में लगा रहा। उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए अविवादित सीमांकन के लंबित प्रकरणों में सभी औपचारिक प्रकियायें पूर्ण कर राजस्व अधिकारियों को 1275 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें राजस्व अधिकारियों और अमले में जी तोड़ मेहनत कर लक्ष्य से कहीं अधिक 1552 प्रकरण निराकृत कर आरसीएमएस पोर्टल में विधिवत दर्ज कराये। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मीडिया के मित्र भी मैदान में मौजूद रहकर लगातार गतिविधियों को कवर कर रहे थे। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले में मिली इस उपलब्धियों के लिए बधाई और शुभकामनायें दी।

### देश और एशिया में बना रिकॉर्ड - हर्षित तिवारी

एशिया बुक आफ रिकार्डस तथा इण्डिया बुक आफ रिकार्ड के प्रतिनिधि डॉ. हर्षित तिवारी ने कहा कि एक जिले में 12 घंटे में 1552 लैण्ड डी मार्केशन का रिकार्ड देश और एशिया में बना है। यह एक असाधारण गतिविधि और कड़ी मेहनत तथा संयुक्त प्रयास और निर्देशन का सफल परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था देश-विदेश में होने वाली असाधारण गतिविधियों की व्यापक तहकीकात करती है और प्रमाणित होने के बाद ही एशिया बुक आफ रिकार्ड तथा इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में नाम शामिल किया जाता है। डॉ. हर्षित तिवारी ने संस्था की ओर से एशिया बुक आफ रिकार्ड तथा इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में नाम दर्ज होने का पृथक-पृथक प्रमाण पत्र और मेडल कलेक्टर अनुराग वर्मा को भेंट किये।

### इनका हुआ सम्मान

इस मौके पर एसडीएम सिटी नीरज खरे, तहसीलदार बीके मिश्रा, राजस्व निरीक्षक पटवारी और कोटवारों ने सीमांकन महाअभियान के अपने अनुभव साझा किये। सतना जिले को राजस्व विभाग में मिली इन दो-दो उपलब्धियों पर राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर अनुराग वर्मा का अभिनंदन किया। वहीं कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व विभाग के मैदानी स्तर के अमले पटवारी और कोटवार को सम्मानित किया। जिला प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग की इस उपलब्धि के लिए अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और कोटवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. परीक्षितराव झाड़े, आयुक्त नगर निगम राजेश शाही, एसडीएम नीरज खरे, राजेश मेहता, सुरेश जादव, आरती यादव, सुधीर बैक, आरएन खरे, जितेन्द्र वर्मा सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमीत कौर, मनोहर कुमार, विजय गौतम, जिला प्रबंधक ई गवर्नेस योगेश तिवारी सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और कोटवार एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों ने किया टॉयलेटों का निरीक्षण, स्वच्छता पर जताया संतोष

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में सारनी को नंबर वन बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार बुधवार 21 जून 2023 को जनप्रतिनिधियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शौचालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी क्षेत्रों में टॉयलेटों की सफाई पर संतोष जताया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्राप्त निर्देशों के अनुसार नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र के सारनी पाथाखेड़ा, शोभापुर जोनों में स्थित सामुदायिक एवं पब्लिक टॉयलेटों का निरीक्षण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष



जगदीश पवार, स्वच्छता शाखा सभापति गणेश महस्की, स्वच्छ सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी केके भावसार की मौजूदगी में तीनों जोनों के शौचालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। आस-पास मौजूद लोगों से शहर को साफ एवं सुंदर बनाए रखने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर सभी स्थानों पर नपा की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन के स्वयं सेवकों ने आम लोगों को स्वच्छता रखने एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम के नेतृत्व में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर पालिका परिषद की पूरी टीम नगर को नंबर वन बनाने में जुटी हुई है। अभियान के तहत रोजाना विभिन्न कार्यवाही, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# प्रबंधन व सुरक्षा कर्मी की मिलीभगत से लाखो का कोयला चोरी, खदान बना चोरों का ऐशगाह

**अनूपपुर।** शहडोल जिले के रामपुर बटुरा कोयला खदान इन दिनों कोयला चोरों और माफियाओं के लिए कमाई का मानों स्वतः निर्मित साधन बन चुका है अपनी पैठ का इस्तेमाल कर चंद कोल माफिया हर रोज यहां से और खदान के आसपास एरिया से संबंधित जंगल के बीचों बीच से सुरंग बनाकर बेरोकटोक काले हीरे का उत्खनन करते हुए नजर आ रहे हैं और स्थानीय प्रशासन खनिज विभाग को चुनौती देते हुए नजर आ रहे हैं।

कोयला उत्खनन और रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट से जुड़ी ओवी हटाने का कार्य कर रही ढोलू कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी को अब कोल माफिया सफेदपोश नेता षडयंत्र अनुरूप बदनाम करने का भर्षक प्रयास कर रहे हैं मामला हैं कोयला उत्पादन से जुड़ी निजी सहयोगी कंपनी ढोलू को बदनाम करने का एक प्रयास यह भी है की ढोलू कंस्ट्रक्शन ने जबसे रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में ओवी हटाने का कार्य शुरू किया है तबसे ढोलू कंस्ट्रक्शन के जीएम प्रमोद सिंह के द्वारा योग्य युवाओं को तवज्जो दी गई और स्थानीय स्तर पर बात किसी की भी बात नही सुनी जिसकी खामियाजा उन्हें आज भुगतना पड़ रहा है कहते हैं ना की ईमानदार को सबसे ज्यादा दुख और दुनिया भर की बदनाम झेलनी पड़ती है ठीक वैसे ही स्थानीय एसईसीएल सोहागपुर प्रबंधन रामपुरा बटुरा उपक्षेत्र अंतर्गत अपनी तथाकथित जिम्मेदारियों को निभाने वाले अधिकारी भी कोयले के अवैध उत्खनन में संलिप्त हैं जो को अपना दामन बचाने के लिए अपने दामन पर लग रहे दाग को ढोलू कंस्ट्रक्शन कंपनी पर मढ़ने से पीछे नहीं हट रहें औद्योगिक सुरक्षा बल रामपुरा बटुरा क्षेत्र टेक्निकल इंस्पेक्टर सीएल पटेल सीआईएसएफ सुरक्षा कर्मियों और रामपुर बटुरा उपक्षेत्र प्रबंधक गोपाल एंड कंपनी की मौन स्वीकृति से ही बड़ी मात्रा में अवैध कोयला उत्खनन को अंजाम दिया जा रहा है।

***क्या सामाजिक छवि को धूमिल करने रचा जा रहा षडयंत्र किसके कहने पर प्रमोद पर बेवजह लगा रहे कोल माफिया कोयले का काला रंग:*** ढोलू कंस्ट्रक्शन कंपनी का रिकॉर्ड जमीन पर बहुत मजबूत है ढोलू कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा पूर्व में अमलाई ओसीएम में भी ओवी का काम लगातार पांच वर्षों तक किया है और ढोलू कंपनी की बेदाग छवि और जीएम प्रमोद सिंह के व्यक्तिगत व्यवहार का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं की कभी भी प्रमोद सिंह के द्वारा किसी भी सहकर्मी के साथ कोई दुराभाव नही किया है कभी भी भेदभाव नहीं किया गया कभी भी अपनी निजी व्यक्तिगत आपकेक्षाएं दूसरों पर नही थोपी गई उनकी मानवीय और अपने कर्मियों के प्रति जिम्मेदार छवि उनके स्तर को और भी ज्यादा अलग और निश्छल बनाती है प्रमोद सिंह के द्वारा समय समय पर धार्मिक अनुष्ठानों के संपादन हेतु पहुंचने वाले धर्मावलंबियों की मदद भी की जाती है कभी कोई पीड़ित व्यक्ति अगर व्यक्ति की मदद के लिए पहुंचता है तो निसंकोच उसकी मदद भी करते हैं गरीब बेटियों के विवाह के शुभावसारों में भी उन्होंने पर सकारात्मक सहयोग बेटियों के परिवार को बिना किसी दिखावे के प्रदान किया है।

### इनका कहना है

सांच को आंच नहीं आती साथ ही मेरे खिलाफ व्यक्तिगत द्वेषपूर्ण साजिश रचकर मुझे बदनाम करने वाले लोगों के चरित्र से मैं वाकिफ हूं ऐसे लोगों से हमे क्या है हमे तो अपना काम करना है शायराना अंदाज में प्रमोद सिंह ने कहा की कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना छोड़ो बेकार की बातो को कोयला उत्पादन को हमे दृष्टिगत रखकर लगातार आगे है बढ़ना है।

**प्रमोद सिंह**
**जीएम ढोलू कंस्ट्रक्शन प्रा.लिमिटेड**

# पटवारियों की हड़ताल का हुआ थोड़ा असर हड़ताल रहेगी जारी

## कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली द्वारा चार पटवारियों के अधिरोपित दण्ड को निरस्त किया

**मानपुर।** जिले के सभी पटवारी 7 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं, कारण है एसडीएम पाली द्वारा गलत ढंग से दंडित करना। जिससे आक्रोशित होकर जिले का पटवारी संघ जिले के कलेक्टर, संभाग के कमिश्नर, प्रदेश सरकार को ज्ञापन देकर अनुरोध किया था कि 16 पटवारियों पर गलत ढंग से की जा रही कार्रवाई को वापस लिया जाय लेकिन जिला प्रशासन पर उनके आवेदन निवेदन का कोई असर नही हुआ और आज तक जिले का पटवारी संघ हड़ताल पर बैठा है। जिले के पटवारी से सम्बंधित सारे कार्य ठप्प हैं, जनता भटक रही है। जनसुनवाई में लोग सीमांकन का आवेदन दे रहे हैं लेकिन सीमांकन करेगा कौन, जब सारे पटवारी हड़ताल में हैं। वहीं जिले के कलेक्टर को 18 जुलाई को राजस्व रिकार्ड संधारण के मामले में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया जाना है, यह सब संभव हो पाया है, पटवारियों की दिन रात मेहनत की बदौलत लेकिन उन्ही पटवारियों को अधिकारियों द्वारा कामचोर कहा जाता है। यदि पटवारी कामचोर होते तो महामहिम के द्वारा जिले के कलेक्टर को कैसे सम्मानित किए जाने का पत्र प्राप्त होता।



खैर मामला जो भी हो पटवारियों की हड़ताल का थोड़ा असर तो हुआ है डा0 कृष्ण देव त्रिपाठी ने चार पटवारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली द्वारा 3 जून 2023 को दिए गए स्पष्टीकरण तथा उसी दिन आदेश की पुष्टि को पटवारियों की अपील सुनने के पष्चात सुनवाई का पर्याप्त अवसर नही देने के कारण उनकी सजा को निरस्त कर दिया है। पाली तहसील की पटवारी गुड़िया बैगा, विनीता चतुर्वेदी, सूर्यप्रकाष सिंह तथा सीमा बैगा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली द्वारा जारी कारण बताओं सूचना एवं उसी दिन आदेश की पुष्टि के संबंध में कलेक्टर न्यायालय में अपील की गई थी कि स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त करने हेतु उन्हें पर्याप्त अवसर नही दिया गया तथा अधिरोपित दण्ड कथित लापरवाही के अनुपात में अत्याधिक है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली के आदेश को निरस्त करते हुए संबंधित पटवारियों को पूर्ण निष्ठा एवं तनमयता से दायित्वों के निर्वहन करने के निर्देष दिए।

## भावना योग के दौरान श्री सम्मेद शिखरजी में विराजमान मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज से समाज जनों ने ऑनलाइन लिए संयमित जीवन जीने का संकल्प

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सात दिवसीय भावना योग शिविर का समापन जवाहर चौक जैन मंदिर में हुआ दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट एवं गुणायतन परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योग शिविर में जवाहर चौक जैन मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने सर्वप्रथम णमोकार महामंत्र का वाचन कर संसार में सभी जीवो के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया योगाचार्य नवीन जैन के निर्देशन में महिलाएं बुजुर्ग युवाओं के साथ बच्चों ने योग किया ऑनलाइन मार्गदर्शन में आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि प्रमाण सागर महाराज ने महातीर्थ श्री सम्मेद शिखरजी से अपने संदेश में कहां स्वस्थ तन से पहले मन को निर्मल पवित्र बनाओ स्वस्थ तन और निर्मल मन के साथ देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करो इस मौके पर योग करने वाले अनेक लोगों संकल्प में बंधे कुछ सधर्मी बंधु द्वारा मुनि श्री से संयमित जीवन जीने का संकल्प लिए और व्यसनो को त्यागा कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के मंत्री मनोज आर एम किया मुख्य अतिथि महापौर मालती राय ने कहा स्वस्थ तन के लिए योग के साथ शाकाहार जरूरी है उन्होंने कहा हम सभी मिलकर स्वस्थ जीवन और सुंदर स्वच्छ राजधानी के लिए संकल्पित हें उन्होंने कहा शहर में बिकने वाले खुले मांस की दुकानें कवर्ड कैंपस में करेंगे कार्यक्रम में समाज के समाजसेवी राजेश भारिल्लय का बहुमान किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष मनोज बांगा मनोज आर एम अनुभव सर्राफ अरविंद जैन रवि मडवैया योगेश वंदना अमित तड़ैया रोहित जैन विपिन जैन एम पी टी संजीव अलंकार दिलीप मिंग सुनील पब्लिशर अभिराज जैन एडवोकेट अशोक सर्राफ पवन सुपर ऋषभ जैन अरविंद जैन अनुराग पवैया अरविंद सी ए सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक परिवार लाभांवितः जयसिंह मरावी

**शहडोल।** आज शहडोल नगर के सर्किट हाउस में विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर भाजपा जिला शहडोल द्वारा बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता में भाजपा जयसिंहनगर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री जयसिंह मरावी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी ने 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू किया है इस अभियान में लोकसभा के 1000 से अधिक विशिष्ट परिवारों से संपर्क और सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संपर्क करेंगे इसके साथ ही लोकसभा के अधिक से अधिक बूथों पर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे श्री जयसिंह मरावी जी ने कहा कि बीते 9 वर्ष भारत के नवनिर्माण के भारत के गरीब कल्याण के रहे हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना हर पल देश को महाशक्ति बनाने के लिए समर्पित कर दिया है। आज पूरी दुनिया यह कह रही है कि 21 वी सदी भारत की सदी है बीते 9 सालों में भारत ने पॉलिसी पैरालिसिस से डिसाइसिव पॉलिसी और अर्थव्यवस्था में फ्रिज द्व5 से टॉप फाइव की यात्रा की है भारत ने सबका साथ सबका विकास की कहानी लिखी है पहले भारत की आवाज अनसुनी कर दी जाती थी आज जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म कर विकासवाद की राजनीति प्रतिष्ठित की है। श्री जयसिंह ने बताया कि पहले योजनाएं कागजों की धूल में फसी रहती थी आज एक ही कार्यालय में योजनाएं बनती भी हैं और जमीन पर उतरती भी है शिलान्यास और उद्घाटन दोनों एक ही कार्यकाल में होता है।

पहले बिचौलिए लाभार्थियों का पैसा खा जाते थे आज बिजोलिया संस्कृत को खत्म किया गया है। भ्रष्टाचार के दीमक को खत्म कर दिया गया है श्री सिंह ने कहा कि बीते 9 साल में भारत ने गुलामी की बेड़ियां तोड़ी है राजपथ अब कर्तव्य पथ है।

# जामोड़ी एवं मझौली पुलिस ने अवैध खनिज उत्खनन के विरूद्ध की बड़ी कार्यवाही

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के कुशल निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजुलता पटले व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी श्री नारायण कुमरे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मझौली उनि. दीपक बघेल व थाना प्रभारी जमोड़ी उनि शेषमणि मिश्रा के नेतृत्व में सीधी पुलिस प्रतिबंधित क्षेत्र से रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर रहे चार वाहनों को जप्त कर चालक एवं वाहन स्वामियों के विरुद्ध मामला किया गया पंजीबद्ध।



**मामला विवरण**

(1) दिनांक 20/06/2023 को देहात भ्रमण के दौरान थाना जामोड़ी को जरिये मुखबिर सूचना मिली की ग्राम कुर्वाह में एक टाटा 407 वाहन के द्वारा रेत की अवैध चोरी कर परिवहन किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित रूप से थाना जमोडी द्वारा सूचना की पुष्टि एवं विधिक कार्यवाही हेतु त्वरित रूप से टीम गठित कर घटना स्थल की ओर भेजी गई जहॉं पर ग्राम कुर्वाह प्रधानमंत्री रोड पर एक टाटा 407 वाहन रेत लदा हुआ मिला जिसे घेराबंदी कर हमराह स्टॉफ की मदत से रोककर चालक का नाम पता पूछने पर रमेश रावत पिता बालकरण रावत निवासी बरमबाबा थाना जामोड़ी का होना बताया जिससे रेत परिवहन के संबंध में वैद्य कागजात चाहा गया जो प्रस्तुत नहीं किया। उक्त आरोपी टाटा 407 के चालक का कृत्य आईपीसी की धारा 379, 414 एवं खान एवं खनिज अधिनियम की धारा 4, 21 का अपराध पाये जाने पर आरोपी ट्रैक्टर चालक थाना जमोड़ी जिला सीधी के विरूद्ध अपराध कायम कर टाटा 407 के वाहन मय रेत लोड कुल कीमती 10.10 लाख रूपये जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 24 जून 2023


# नोरा का बोल्ड वीडियो मचा देगा दिलों में धमाल!

बॉलीवुड डीवा नोरा फतेही अपनी अदाकारी से ज्यादा बोल्ड लुक्स के लिए इंटरनेट पर पॉपुलैरिटी बटोरती नजर आती हैं. नोरा फतेही ने हाल में भी कुछ ऐसा ही किया है, जिसने हसीना के हर फैन को आहें भरने पर मजबूर कर दिया है. हाल में नोरा फतेही ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह ब्लैक कलर की फ्रंट कट आउट ड्रेस में हुस्न का कहर बरपाती नजर आ रही हैं. नोरा नए वीडियो में सेक्सी एक्सप्रेशन्स के साथ सिजलिंग मूव्स भी दिखाती नजर आ रही हैं.

नोरा फतेही ने बीते दिन अपने बोल्ड लुक्स से भरा वीडियो ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था. वीडियो के शुरूआत में नोरा फतेही कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी एक्सप्रेशन्स देती दिखाई दे रही हैं. फिर नोरा अपनी नागिन-सी कमरिया झूलाते वीडियो में दिखाई देती हैं. बता दें, नोरा फतेही ने यह वीडियो अपने अपकमिंग सॉन्ग सेक्सी ड्रेस के प्रमोशन की कड़ी में पोस्ट किया है.



# सोफिया अंसारी : तो रातों की उड़ जाएगी नींद और चैन

**सोशल** मीडिया क्वीन सोफिया अंसारी करोड़ों दिलों की धड़कन हैं और ये हम यूं ही नहीं कह रहें. हसीना अपने बोल्ड और हॉट तस्वीरों से लोगों की धड़कने बढ़ाने का काम करती हैं. जो काम एक पेस मेकर करता है सोफिया वहीं काम अपने हुस्न के जलवे दिखाकर करती हैं. उनकी अदाओं के सामने लोग नत मस्तक हो जाते हैं आखिर हो भी क्यों ना एक्ट्रेस हर बार अपनी ग्लैमरस अंदाज से लोगों के दिलों पर तीर जो चलाती हैं और वो तीर सीधा लोगों के दिल पर जाकर लगती हैं. बोल्डनेस के मामले में हसीना बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक की एक्ट्रेस को काटे की टक्कर देती हैं. सोफिया की तस्वीरें देखने के लिए लोग दिल थाम कर इंतजार करते हैं. एक्ट्रेस जैसे ही सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें डालती हैं वो धड़ल्ले से वायरल हो जाती हैं. आपने सोफिया की कई तस्वीरें देखी होंगी लेकिन आज हम उनका देसी अंदाज आपके सामने लेकर आए हैं. तो दिल थाम कर उनकी तस्वीरों का लुत्फ उठाइए.

सोफिया अंसारी की ये तस्वीर देख कर ऐसा लग रहा है मानो स्वर्ग से कोई अप्सरा उतरकर जमीन पर आ गई हो. एक्ट्रेस इस तस्वीर में काफी हसीन लग रही हैं.

शार्ट ड्रेस हो, बिकिनी हो या साड़ी सोफिया को हर कपड़े में अपना जलवा दिखाना आता है. सोफिया को साड़ी में देख कर लोगों की सांसे अटक जाती हैं. डीवा की ये तस्वीरें देख कर लोगों का हाल बेहाल हो रहा है.

सोफिया कैमरे के सामने अपने देसी लुक को इस कदर फ्लॉन्ट कर रहीं हैं कि किसी को भी उन्हें देखकर



उनसे प्यार हो जाए. सोफिया अपना पल्लू सरकाकर इंटरनेट पर तबाही मचा देती हैं. उनकी हर अदा पर पूरा जमाना फिदा है. उनकी अदाएं होती ही इतनी कातिलाना है कि लोगों को अपना दिल संभालना मुश्किल हो जाता है.

# शोभिता धूलिपाला को मुंह पर बुलाया काली और बदसूरत, फिर कैसे चमकी रातों रात किस्मत?

**शोभिता** धूलिपाला इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं. हाल ही में उनकी सीरीज द नाइट मैनेजर रिलीज हुई थी. जिसे दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया था अब इस सीरीज का दूसरा पार्ट आने वाला है. शोभिता के साथ आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर एक साथ नजर आने वाले हैं. इस सीरिज में एक्ट्रेस काफी बोल्ड दिखाई दें रही हैं अपनी उम्र से डबल अनिल कपूर के साथ रोमांस का तड़का लगाते हुए दोनों की जोड़ी काफी हॉट लग रही हैं. एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया है. उन्होंने अपने करियर की शुरूआत बतौर मॉडल की थी, जिसके बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम



रखा. शोभिता ने 2016 में आई फिल्म रमन राघव 2.0 से शुरूआत की थी. इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और विक्की कौशल भी थे. इंडस्ट्री में उन्हें काम करते हुए भले ही काफी वक्त हो चुका है लेकिन उन्हें असली पहचान वेब सीरीज मेड इन हेवन से मिली है. एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपने करियर में आए उतार चढ़ाव को लेकर बात चीत की जिनमें उन्होंने बताया, कि उनके रंग रुप को लेकर बहुत ताने मारे जाते थे. उन्होंने कहा, ह्लजब आप शुरूआत कर रहे होते हैं, तो हर चीज एक लड़ाई होती है. मैं फिल्मों से नहीं हूं. मुझे याद है कि मेरे विज्ञापन ऑडिशन में मुझसे कई बार कहा गया था कि मैं गोरी नहीं हूं. मेरे चेहरे पर बात करते हुए बताया गया कि मैं उतनी सुंदर नहीं हूं.ह्व

बता दें एक्ट्रेस ने इतना कुछ सुनने के बाद भी अपना हौसला नहीं छोड़ा एक्ट्रेस ने रमन राघव 2.0 से अपनी शुरूआत की थी, उसके बाद हसीना ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. एक्ट्रेस कई मशहूर फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं. शेफ, मूथॉन, घोस्ट स्टोरीज, पोन्नियिन सेलवनः क् पोन्नियिन सेलवनः क्क जैसी अन्य फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है. वह वेब सीरीज बार्ड ऑफ ब्लड, मेड इन हेवन और द नाइट मैनेजर में भी नजर आई थीं.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .